दिन— मंगलवार दिनांक— 18 / 02 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 03:10 बजे से। अवधि — 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के आज नौ वर्ष पूरे हो गए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दो हजार सोलह में इस योजना की शुरुआत की थी। इस योजना का उद्देश्य प्राकृतिक आपदाओं से होने वाली फसल हानि और नुकसान से पीड़ित किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करना है। इस योजना ने नवीन कृषि तकनीकों को अपनाने को बढ़ावा देते हुए किसानों की आय को स्थिर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने उनहत्तर हजार पांच सौ पंद्रह करोड़ रुपये से अधिक के कुल बजट के साथ दो हजार पच्चीस—छब्बीस तक प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना को जारी रखने की मंजूरी दी थी।

———————————————————————

राज्य सरकार ने लोगों से फिलहाल कुछ दिनों के लिए कुम्भ यात्रा का कार्यक्रम नहीं बनाने की अपील की है। मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने कहा कि अभी राज्य के सभी प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर कुम्भ जाने वाले यात्रियों की अत्यधिक भीड़ के कारण अफरा—तफरी की स्थिति बन रही है। उन्होंने लोगों से भीड़ कम होने के बाद यात्रा का कार्यक्रम बनाने की अपील की है। पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने रेलगाड़ियों में बढ़ती भीड़ को देखते हुये विधि व्यवस्था बनाये रखने को लेकर दिशा—निर्देश जारी किया है। एडीजी रेलवे को सभी स्टेशन पर भीड़ नियंत्रण के उपाय करने, चौबीसों घंटे सीसीटीवी चालू रखने और जीआरपी थानों को चौकस रहने के निर्देश दिये गये हैं। रेलगाड़ियों के आगमन और प्रस्थान के समय विशेष रूप से चौकसी बरतने को कहा गया है।

———————————————————————

रेलवे ने देशभर के साठ रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा के लिए स्थायी होल्डिंग एरिया बनाने की योजना बनाई है। इसके अंतर्गत रेलवे अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए विशेष मौकों पर भीड़ नियंत्रण के लिए कार्य किया जा रहा है। मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, यह निर्णय पीक सीजन के दौरान यात्रियों की भारी भीड़ को संभालने के लिए लिया गया है। इस बीच, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर अगले एक

सप्ताह तक, शाम चार बजे से रात ग्यारह बजे तक, प्लेटफार्म टिकट की बिक्री प्रतिबंधित कर दी गयी है। यह निर्णय प्लेटफार्म पर भीड़ नियंत्रण और यात्रियों के सुगम आवागमन को सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है। इधर, पटना जंक्शन के अलग–अलग प्लेटफार्म पर भीड़ प्रबंधन के लिए जवानों की तैनाती की गयी है। स्टेशन के दोनों छोर महावीर मंदिर के पास और करबिगहिया की तरफ रेस्ट रूम बनाए गये हैं। रेलवे प्रयागराज से पवित्र संगम में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की सकुशल वापसी के लिए प्रयागराज के विभिन्न स्टेशनों से बड़ी संख्या में विशेष रेलगाड़ियां भी संचालित कर रहा है।

———————————————————————

महाकुंभ मेले में प्रयागराज स्टेशन पर भीड़ के मद्देनजर रेल प्रशासन ने भागलपुर–आनंद विहार बिक्रमशीला एक्सप्रेस का परिचालन आज और कल रद्द कर दिया है। रेलवे की ओर से प्रभावित यात्रियों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपनी प्रगति यात्रा के क्रम में आज कैमूर जिले में लगभग तीन सौ अड़तालीस करोड़ रूपये की लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास किया। श्री कुमार ने मोहनियां प्रखंड के भरखर, उग्रवाद प्रभावित प्रखंड अधौरा और चैनपुर का दौरा किया। उन्होंने चैनपुर में कोहरा डैम पर विकास कार्यों का निरीक्षण किया।

———————————————————————

प्रदेश के अधिकतर भागों के तापमान में औसतन दो से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की जा रही है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान सहरसा का अगवानपुर राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, यहां का न्यूनतम तापमान नौ दशमलव एक डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा। इसके बाद अधिकतर स्थानों के न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की क्रमिक वृद्धि होने की संभावना है।

———————————————————————

बीपीएससी की सत्तरवीं प्रारंभिक परीक्षा रद्द किये जाने की मांग को लेकर अभ्यर्थियों ने आज दूसरे दिन भी पटना में प्रदर्शन किया। गर्दनीबाग धरना स्थल पर बड़ी संख्या में मौजूद अभ्यर्थियों ने नारेबाजी की।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।